**2025**

# HINDI

Paper : HIN–0400304

**( हिन्दी पत्रकारिता के विविध आयाम )**

*Full Marks* : 60

*Time* : 2½ hours

*The figures in the margin indicate full marks for the questions*

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए : 1×8=8

(क) 'पत्रकारिता' की परिभाषा दीजिए।

(ख) अधिकांश विद्वान विश्व का पहला समाचार-पत्र किसे मानते हैं?

(ग) 'विशाल भारत' पत्रिका कहाँ से प्रकाशित होती थी?

(घ) भारतेन्दु युग में प्रकाशित पत्रिकाओं में गद्य और काव्य की भाषा में मुख्य अंतर क्या था?

(ङ) गणेश शंकर विद्यार्थी द्वारा संपादित एक पत्रिका का नामोल्लेख कीजिए।

(च) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र द्वारा प्रकाशित पहली साहित्यिक पत्रिका के नाम का उल्लेख कीजिए।

(छ) 'उदन्त मार्तण्ड' पत्रिका का प्रकाशन कब शुरू हुआ था?

(ज) भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में वाक् और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार दिया गया है?

**2.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **छः** के अति संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 2×6=12

(क) हिन्दी पत्रकारिता का आरंभ कब से और क्यों माना जाता है?

(ख) समाचार संकलन की किन्हीं दो प्रमुख विधियों का उल्लेख कीजिए।

(ग) पत्र-पत्रिकाओं में विशेषांक की तैयारी किसलिए की जाती है?

(घ) समाचार-पत्र में स्तंभ व्यवस्था की किन्हीं दो उपयोगिताओं का उल्लेख कीजिए।

(ङ) सामान्य पत्रकारिता और साहित्यिक पत्रकारिता में कोई दो अंतर स्पष्ट कीजिए।

(च) छायावाद युग में प्रकाशित दो प्रमुख साहित्यिक पत्रिकाओं का नामोल्लेख कीजिए।

(छ) 'धर्मयुग' पत्रिका के प्रतिस्थापक संपादक का नामोल्लेख करते हुए इसका प्रकाशन कब से शुरू हुआ था, लिखिए।

(ज) 'सूचना का अधिकार अधिनियम' का उद्देश्य क्या है?





(झ) एम० एस०-वर्ड में टंकित सामग्री को सेव करने की दो विधियों का उल्लेख कीजिए।

(ञ) किन्हीं दो ई-मेल सेवाओं का नामोल्लेख कीजिए।

**3.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **चार** के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 5×4=20

(क) पत्रकारिता के महत्त्व पर प्रकाश डालिए।

(ख) पत्रकारिता की भाषा-शैली पर एक टिप्पणी लिखिए।

(ग) फीचर लेखन क्या है? फीचर लेखन की विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

(घ) भारतेन्दुयुगीन साहित्यिक पत्रकारिता की प्रवृत्तियों पर एक टिप्पणी लिखिए।

(ङ) छायावादोत्तर प्रमुख साहित्यिक पत्रिकाओं का नामोल्लेख करते हुए उनकी दो प्रवृत्तियों पर चर्चा कीजिए।

(च) 'हंस' पत्रिका की ऐतिहासिक यात्रा पर आलोकपात कीजिए।

(छ) 'दैनिक पूर्वोदय' पत्रिका के महत्त्व पर प्रकाश डालिए।

(ज) भारत में प्रेस-संबंधी कानून और आचार-संहिता पर संक्षेप में प्रकाश डालिए।

**4.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** के सम्यक् उत्तर दीजिए : 10×2=20

(क) पत्रकारिता के किन्हीं पाँच प्रमुख प्रकारों पर आलोकपात कीजिए।

(ख) समाचार के विभिन्न स्रोतों पर संक्षेप में प्रकाश डालिए।

(ग) साहित्यिक पत्रकारिता की अवधारणा और महत्त्व पर विवेचन कीजिए।

(घ) हिन्दी पत्रकारिता को महावीर प्रसाद द्विवेदी की देन पर विचार कीजिए।

(ङ) प्रेस की स्वतंत्रता की अवधारणा पर एक लेख लिखिए।

★★★